प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0,
विशाल काम्प्लेक्स, 19–ए, विधान सभा मार्ग
लखनऊ।

सेवा में,

1.**समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।
2.**समस्त जनपदीय कार्यकम प्रबन्धक**–एन0एच0एम0,
उत्तर प्रदेश।

पत्रसंख्या:एस0पी0एम0यू / एम0आई0एस0 / डाटा इन्ट्री आउटसोर्सिंग / 2016–17 / 90 / 6530-2 दिनांक: 21-10-16

**विषय :राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 हेतु ब्लॉक एवं जनपद स्तर से एम0सी0टी0एस0 / एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से लाभार्थीयों के शत–प्रतिशत सर्विस अपडेशन हेतु जनपदों को धनराशि अवमुक्त किए जाने के संम्बंध में।**

महोदय / महोदया,

आप अवगत ही हैं कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 में भारत सरकार के निर्देशानुसार एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर ऑनलाइन शत–प्रतिशत डाटा फीडिंग / अपडेशन का कार्य ब्लॉक स्तर पर किया जा रहा है। भारत सरकार के निर्देशानुसार एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर शत्प्रतिशत सर्विस अपडेशन का कार्य किया जाना है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त आर0ओ0पी0 2016–17 (ROP F.No. 10(15)/2016-NRHM-I Dated 08.08.2016) में प्राप्त स्वीकृति एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य कार्यकारी समिति की 87वीं बैठक दिनांक 24.08.2016 के एजेण्डा मद संख्या 87.56 में लिये गये निर्णय के क्रम में, मिशन फ्लैक्सीपूल में एच0एम0आई0एस0 एवं एम0सी0टी0एस0 के अन्तर्गत एफ0एम0आर0 कोड संख्या **बी15.3.1.3.1** "HR and Infrastructure for 100% service updation on HMIS/MCTS Portal" हेतु निम्नानुसार बजट स्वीकृत किया गया है:–

"Approved for outsourcing data entry at Block and District level by hiring external agency. Outsourcing should be based on competitive bidding following Government protocols. Payment norms should be worked out on per data entry basis and payment should be done accordingly. State must ensure 100% facility based reporting on HMIS portal and improvement in the registration and service delivery updation status of the beneficiary on MCTS portal. State should ensure that payment is made only once i.e., either to external agency or to ANM (for data updation through USSD) for updation of data in any field of any beneficiary".

अतः उपरोक्त निर्देशानुसार ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर डाटा इन्ट्री की आउटसोर्सिंग की जाए। आउटसोर्सिंग सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिस्पर्धात्मक दर (कम्पेटिटिव बिडिंग) के माध्यम से की जाए। डाटा इन्ट्री की आउटसोर्सिंग उन्ही स्वास्थ्य इकाईयों हेतु की जाए जहाँ डाटा इन्ट्री ऑपरेटर उपलब्ध नही हैं जैसे कि–

- नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र,
- जिला चिकित्सालय जहां डाटा इन्ट्री ऑपरेटर पद स्वीकृत नही हैं अथवा पद रिक्त है एवं
- ब्लॉक स्तरीय इकाईयों पर जहां डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद रिक्त है।

आउटसोर्सिंग निम्न कार्यों हेतु की जा सकती है:–

- एम0सी0टी0एस0 / आर0सी0एच0 के अन्तर्गत प्रत्येक लाभार्थी का पंजीकरण एवं सभी सर्विसेस को पोर्टल पर अपडेट किया जाना।
- शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं यू0एच0एन0डी0 सत्रों से सम्बन्धित एम0सी0टी0एस0 / आर0सी0एच0 एवं एच0एम0आई0एस0 के डाटा की रिपोर्टिंग।

- नवविकसित आर0सी0एच0 पोर्टल को लागू करने हेतु पहलीबार विलेज प्रोफाइल एवं लक्ष्य दंपतियों के डाटा की फीडिंग हेतु आउटसोर्सिंग।

एक लाभार्थी की डाटा इन्ट्री हेतु केवल एक ही बार भुगतान किया जाए। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की जिम्मेदारी है की किसी भी दशा में आउटसोर्सिंग किये गये रिकार्ड की इन्ट्री/अपडेशन हेतु ए0एन0एम0(यू0एस0एस0डी0 द्वारा डाटा अपडेशन) अथवा ऑपरेटर को अलग से भुगतान न किया जाये अन्यथा यह वित्तीय अनियमितता का विषय होगा। गर्भवती महिला का पंजीकरण एवं सर्विसेस अपडेशन हेतु चारो ए0एन0सी0 सेवाएं, खून की जाँच, जटिलता, प्रसव, डिलेवरी आउटकम, पी0एन0सी0 का अपडेशन एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर शत–प्रतिशत किया जाए। बच्चे का पंजीकरण एवं सर्विसेस अपडेशन हेतु बी0सी0जी0 सें मीजल्स एवं विटामिन–ए की सभी सर्विसेस दर्ज कर पूर्ण टीकाकरण का अपडेशन एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर शत–प्रतिशत किया जाए।

**<u>FMR Code B.15.3.1.3.1 (HR and Infrastructure for 100% service updation on HMIS/MCTS Portal)</u>**

| S.No | District | Target for FY 2016-17 | | % Achievement in FY 15-16 (as per last year achievement) | | % of Remaining Data Entry on MCTS portal to be covered on outsourcing basis in FY 2016-17 | | | Amount in Rs. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Expected PW in FY 2016-17 | Expected Child birth in FY 2016-17 | PW data to be Covered in FY 16-17 (i.e. 60%) in (FY 2015-16) | Child data to be Covered in FY 16-17 (i.e. 50% in FY 2015-16) | 40% of PW data to be outsourced by the districts | 50% of Child data to be outsourced by the districts | Total beneficiaries to be captured on MCTS portal (@ Rs 5.00/ beneficiary | |
| Col.1 | Col.2 | Col.3 | Col.4 | Col.5 | Col.6 | Col.7 | Col.8 | Col.9= (Col.7 + Col.8) | Col.10= Col.9X5.00/- |
| 1 | Agra | 145151 | 70632 | 87090 | 35316 | 58060 | 35316 | 93376 | **466880.00** |
| 2 | Aligarh | 121727 | 44474 | 73036 | 22237 | 48690 | 22237 | 70927 | **354635.00** |
| 3 | Allahabad | 197470 | 130857 | 118481 | 65428 | 78987 | 65428 | 144415 | **722075.00** |
| 4 | Ambedkar Nagar | 79479 | 105127 | 47687 | 52563 | 31791 | 52563 | 84354 | **421770.00** |
| 5 | Amethi | 60036 | 71383 | 36021 | 35691 | 24014 | 35691 | 59705 | **298525.00** |
| 6 | Amroha (JP Nagar) | 55356 | 49056 | 33213 | 24527 | 22142 | 24527 | 46669 | **233345.00** |
| 7 | Auraiya | 60925 | 45188 | 36554 | 22594 | 24369 | 22594 | 46963 | **234815.00** |
| 8 | Azamgarh | 45468 | 75335 | 27281 | 37667 | 18187 | 37667 | 55854 | **279270.00** |
| 9 | Baghpat | 152961 | 25070 | 91776 | 12534 | 61184 | 12534 | 73718 | **368590.00** |
| 10 | Bahraich | 105774 | 70552 | 63464 | 35275 | 42309 | 35275 | 77584 | **387920.00** |
| 11 | Ballia | 43145 | 55877 | 25886 | 27938 | 17257 | 27938 | 45195 | **225975.00** |
| 12 | Balrampur | 115247 | 96680 | 69148 | 48339 | 46098 | 48339 | 94437 | **472185.00** |
| 13 | Banda | 106810 | 98650 | 64086 | 49324 | 42724 | 49324 | 92048 | **460240.00** |
| 14 | Barabanki | 71207 | 51367 | 42724 | 25683 | 28482 | 25683 | 54165 | **270825.00** |
| 15 | Bareilly | 59626 | 105355 | 35775 | 52677 | 23850 | 52677 | 76527 | **382635.00** |
| 16 | Basti | 107950 | 90819 | 64770 | 45409 | 43180 | 45409 | 88589 | **442945.00** |
| 17 | Bijnor | 147951 | 52617 | 88770 | 26308 | 59180 | 26308 | 85488 | **427440.00** |
| 18 | Budaun | 81544 | 170541 | 48926 | 85270 | 32617 | 85270 | 117887 | **589435.00** |
| 19 | Bulandshahar | 51497 | 72738 | 30898 | 36368 | 20598 | 36368 | 56966 | **284830.00** |
| 20 | Chandauli | 122062 | 47446 | 73236 | 23722 | 48824 | 23722 | 72546 | **362730.00** |
| 21 | Chitrakoot | 115918 | 89797 | 69550 | 44898 | 46367 | 44898 | 91265 | **456325.00** |
| 22 | Deoria | 64700 | 45695 | 38819 | 22847 | 25879 | 22847 | 48726 | **243630.00** |
| 23 | Etah | 32822 | 63102 | 19693 | 31550 | 13128 | 31550 | 44678 | **223390.00** |
| 24 | Etawah | 102668 | 92246 | 61600 | 46123 | 41067 | 46123 | 87190 | **435950.00** |
| 25 | Faizabad | 58352 | 76705 | 35011 | 38352 | 23340 | 38352 | 61692 | **308460.00** |
| 26 | Farukkhabad | 52324 | 103670 | 31394 | 51834 | 20929 | 51834 | 72763 | **363815.00** |
| 27 | Fatehpur | 81786 | 93228 | 49071 | 46614 | 32714 | 46614 | 79328 | **396640.00** |
| 28 | Firozabad | 62542 | 61677 | 37525 | 30838 | 25016 | 30838 | 55854 | **279270.00** |
| 29 | G.B. Nagar | 87231 | 131301 | 52338 | 65650 | 34892 | 65650 | 100542 | **502710.00** |
| 30 | Ghaziabad | 82726 | 53299 | 49635 | 26649 | 33090 | 26649 | 59739 | **298695.00** |
| 31 | Ghazipur | 55490 | 89011 | 33293 | 44505 | 22195 | 44505 | 66700 | **333500.00** |
| 32 | Gonda | 111946 | 47810 | 67167 | 23904 | 44778 | 23904 | 68682 | **343410.00** |
| 33 | Gorakhpur | 120031 | 125357 | 72018 | 62678 | 48012 | 62678 | 110690 | **553450.00** |
| 34 | Hamirpur | 113694 | 128088 | 68216 | 64043 | 45477 | 64043 | 109520 | **547600.00** |
| 35 | Hapur | 146990 | 83485 | 88193 | 41742 | 58795 | 41742 | 100537 | **502685.00** |
| 36 | Hardoi | 36581 | 31593 | 21948 | 15796 | 14632 | 15796 | 30428 | **152140.00** |
| 37 | Hathras | 40357 | 128037 | 24214 | 64018 | 16142 | 64018 | 80160 | **400800.00** |
| 38 | Jalaun | 42504 | 41722 | 25502 | 20861 | 17001 | 20861 | 37862 | **189310.00** |
| 39 | Jaunpur | 135561 | 105415 | 81336 | 52707 | 54224 | 52707 | 106931 | **534655.00** |
| 40 | Jhansi | 51876 | 101894 | 31125 | 50947 | 20750 | 50947 | 71697 | **358485.00** |
| 41 | Kannauj | 148307 | 70423 | 88984 | 35211 | 59322 | 35211 | 94533 | **472665.00** |
| 42 | Kanpur Dehat | 66291 | 39269 | 39774 | 19634 | 26516 | 19634 | 46150 | **230750.00** |

| S.No | District | Target for FY 2016-17 | | % Achievement in FY 15-16 (as per last year achievement) | | % of Remaining Data Entry on MCTS portal to be covered on outsourcing basis in FY 2016-17 | | | Amount in Rs. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Expected PW in FY 2016-17 | Expected Child birth in FY 2016-17 | PW data to be Covered in FY 16-17 (i.e. 60%) in (FY 2015-16) | Child data to be Covered in FY 16-17 (i.e. 50% in FY 2015-16) | 40% of PW data to be outsourced by the districts | 50% of Child data to be outsourced by the districts | Total beneficiaries to be captured on MCTS portal (@ Rs 5.00/ beneficiary | |
| Col.1 | Col.2 | Col.3 | Col.4 | Col.5 | Col.6 | Col.7 | Col.8 | Col.9= (Col.7 + Col.8) | Col.10= Col.9X5.00/- |
| 43 | Kanpur Nagar | 54936 | 85914 | 32961 | 42957 | 21974 | 42957 | 64931 | **324655.00** |
| 44 | Kasganj | 59476 | 44803 | 35685 | 22401 | 23790 | 22401 | 46191 | **230955.00** |
| 45 | Kaushambi | 151517 | 58295 | 90910 | 29147 | 60606 | 29147 | 89753 | **448765.00** |
| 46 | Kushi Nagar | 52911 | 100112 | 31746 | 50056 | 21164 | 50056 | 71220 | **356100.00** |
| 47 | Lakhimpur Kheri | 47651 | 91351 | 28590 | 45675 | 19060 | 45675 | 64735 | **323675.00** |
| 48 | Lalitpur | 117983 | 98190 | 70789 | 49094 | 47193 | 49094 | 96287 | **481435.00** |
| 49 | Lucknow | 132985 | 73070 | 79791 | 36535 | 53194 | 36535 | 89729 | **448645.00** |
| 50 | Maharajganj | 88816 | 68641 | 53289 | 34320 | 35526 | 34320 | 69846 | **349230.00** |
| 51 | Mahoba | 152032 | 99130 | 91219 | 49565 | 60812 | 49565 | 110377 | **551885.00** |
| 52 | Mainpuri | 29027 | 28346 | 17416 | 14173 | 11610 | 14173 | 25783 | **128915.00** |
| 53 | Mathura | 88310 | 114852 | 52986 | 57426 | 35324 | 57426 | 92750 | **463750.00** |
| 54 | MAU | 61204 | 52859 | 36722 | 26429 | 24481 | 26429 | 50910 | **254550.00** |
| 55 | Meerut | 84222 | 88668 | 50533 | 44334 | 33688 | 44334 | 78022 | **390110.00** |
| 56 | Mirzapur | 73066 | 76268 | 43839 | 38133 | 29226 | 38133 | 67359 | **336795.00** |
| 57 | Moradabad | 114224 | 61496 | 68534 | 30747 | 45689 | 30747 | 76436 | **382180.00** |
| 58 | Muzaffar Nagar | 82652 | 47923 | 49591 | 23961 | 33060 | 23961 | 57021 | **285105.00** |
| 59 | Pilibhit | 103974 | 132103 | 62384 | 66051 | 41589 | 66051 | 107640 | **538200.00** |
| 60 | Pratapgarh | 67501 | 99532 | 40500 | 49765 | 27000 | 49765 | 76765 | **383825.00** |
| 61 | Raebareli | 105157 | 57253 | 63094 | 28626 | 42062 | 28626 | 70688 | **353440.00** |
| 62 | Rampur | 96665 | 66828 | 57999 | 33413 | 38666 | 33413 | 72079 | **360395.00** |
| 63 | Saharanpur | 77381 | 51848 | 46428 | 25923 | 30952 | 25923 | 56875 | **284375.00** |
| 64 | Sambhal | 114782 | 34854 | 68869 | 17426 | 45912 | 17426 | 63338 | **316690.00** |
| 65 | Sant Kabir Nagar | 71417 | 127778 | 42850 | 63888 | 28566 | 63888 | 92454 | **462270.00** |
| 66 | S.R. Nagar (Bhadohi) | 56801 | 51493 | 34080 | 25746 | 22720 | 25746 | 48466 | **242330.00** |
| 67 | Shahjahanpur | 99480 | 36708 | 59687 | 18354 | 39791 | 18354 | 58145 | **290725.00** |
| 68 | Shamali | 48311 | 71446 | 28986 | 35722 | 19324 | 35722 | 55046 | **275230.00** |
| 69 | Shrawasti | 36931 | 126946 | 22158 | 63472 | 14772 | 63472 | 78244 | **391220.00** |
| 70 | Siddharth Nagar | 84607 | 54013 | 50764 | 27006 | 33842 | 27006 | 60848 | **304240.00** |
| 71 | Sitapur | 148252 | 117076 | 88951 | 58538 | 59300 | 58538 | 117838 | **589190.00** |
| 72 | Sonbhadra | 61715 | 41153 | 37028 | 20576 | 24685 | 20576 | 45261 | **226305.00** |
| 73 | Sultanpur | 81693 | 50396 | 49015 | 25197 | 32677 | 25197 | 57874 | **289370.00** |
| 74 | Unnao | 103065 | 31895 | 61838 | 15947 | 41225 | 15947 | 57172 | **285860.00** |
| 75 | Varanasi* | 122007 | 37262 | 73203 | 18631 | 48802 | 18631 | 67433 | **334185.00** |
| | **Total** | **6612837** | **5711087** | **3967663** | **2855505** | **2645091** | **2855505** | **5500596** | **27500000.00** |
| | | | | | | | | | **रु0 2,75,00,000.00 (रुपये दो करोड़ पचहत्तर लाख मात्र)** |

* Amt. Rs. 2980 is deducted from District Varanashi because in ROP amount 270.00 Lac only is approved for FRM Code. B15.3.1.3.1

अतः उपरोक्त दी गयी फांट के अनुसार "HR and Infrastructure for 100% service updation on HMIS/MCTS Portal" हेतु जनपदों को धनराशि **रु0 2,75,00,000.00 (रुपये दो करोड़ पचहत्तर लाख मात्र)** अवमुक्त की जा रही है। कृपया उक्त मानकों के अनुसार एच0एम0आई0एस0/एम0सी0टी0एस0 मद में स्वीकृत धनराशि का नियमानुसार व्यय एफ0एम0आर0 कोड संख्या **बी15.3.1.3.1** से किया जाना सुनिश्चित करें तथा विवरण ससमय प्रेषित करें।

**<u>व्यय सम्बन्धी विस्तृत दिशा–निर्देशः</u>**

उक्त धनराशियों का व्यय "आपरेशनल गाइडलाइन्स फार फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट" में दी गयी व्यवस्था तथा अन्य प्रभावी संगत नियमों एवं निर्देशों का पालन करते हुये सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त करके ही किया जाय। निम्न निर्देशों का अनिवार्यतः पालन सुनिश्चित करें।

1. धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नही करता, अपितु ऑपरेशनल गाइडलाइन फॉर फाइनेंशियल मैनेजमेन्ट में दी गयी व्यवस्था, वित्तीय नियमों, शासनादेशों, अन्य प्रभावी नियमो/निर्देशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारों की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जाय। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
2. स्वीकृत मद का पुर्निविनियोग (re-appopriation) राज्य कार्यकारी समिति, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश की अनुमति के बिना कदापि न किया जाये। साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित किया जाये कि

एक कार्यक्रम की धनराशि दूसरे कार्यक्रमों में स्थानान्तरित न की जाये। धनराशि के व्यय में यदि कोई अनियमितता होती है तो इसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

3. जिला स्वास्थ्य समित एवं समस्त इकाइयों के वित्तीय अभिलेख कैशबुक, बैंक बुक, लेजर, चैक इश्यू रजिस्टर, स्थायी सम्पत्तियों का रजिस्टर आदि लेखापुस्तकों में सभी प्रविष्टियॉ समय से पूर्ण कराये साथ ही समयानुसार सत्यापन भी सक्षम अधिकारी करना सुनिश्चित करें।
4. जिला स्वास्थ्य समिति एवं समस्त इकाइयों के बैंक समाधान विवरण प्रत्येक माह के अन्त में तैयार करना सुनिश्चित करायें जिससे बैंक खातों तथा सोसाइटी एवं समस्त इकाइयों के लेखों में कोई भिन्नता न रहें।
5. आपके स्तर से समस्त इकाइयों को अग्रिम के रूप में अवमुक्त की गयी धनराशियों के उपयोगिता प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए अपनी लेखापुस्तकों में समायोजन दर्शाना सुनिश्चित करें।
6. प्रत्येक माह का मासिक व्यय विवरण (एफ0एम0आर0) लेखापुस्तकों की प्रविष्टियों से मिलान कर तैयार किया जाये तथा यह भी सुनिश्चित कर लें कि प्रत्येक माह की एफ0एम0आर0 में दर्शायी गयी धनराशि एवं लेखापुस्तकों में प्रविष्टि की गयी धनराशि में मदवार कोई अन्तर न रहें।
7. व्यय से सम्बन्धित समस्त लेखाबहियॉं, बिल बाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखें एवं नियुक्ति मासिक कान्करेन्ट आडिटर, स्टेटच्यूरी आडिटर, महालेखाकार की आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
8. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत उपलब्ध कराये गये आपरेशनल गाइडलाइन्स फार फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट (अद्यावधिक संशोधित) में दिये गये दिशा निर्देशों एवं प्रक्रिया का पालन समस्त स्तरों पर किया जाना सुनिश्चित करें।
9. भारत के नियंत्रक/महालेखा परीक्षा द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश, के परफारमेन्स आडिट रिपोर्ट में उठाई गयी मुख्य आपत्तियों के परिप्रेक्ष्य में मुख्य सचिव, महोदय उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अन्तर्गत गठित समिति की दिनांक 01.06.2012 को सम्पन्न हुई बैठक में समिति द्वारा की गयी संस्तुतियों की प्रति पत्र संख्या SPMU /NRHM/ACCOUNT/490–8 दिनांक 13.06.2012 के द्वारा करायी गयी है, को संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देशों का पालन प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाये। नियमों का पालन न करने एवं वित्तीय अभिलेखों का रख–रखाव ठीक न होने के कारण यदि धनराशि का व्यय नियमानुसार नहीं पाया जाता है या अन्य कोई वित्तीय अनियमितता प्रकाश में आती है तो इसके लिये जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी, सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

भवदीय

7/10

**(आलोक कुमार)**
**मिशन निदेशक**

पत्रसंख्याः एस0पी0एम0यू/एम0आई0एस0/डाटा इन्ट्री आउटसोर्सिंग/2016–17/90/ तद्दिनांक

**<u>निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>**

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबंधक, एन0आर0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0 एवं महाप्रबन्धक–एम0आई0एस0, एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, को इस आशय से प्रेषित कि पत्र की प्रति एन0एच0एम0 की वेबसाइट **www.upnrhm.gov.in** पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।

**(बी0के0 जैन)**
**महाप्रबन्धक, एम0आई0एस0**